हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार 8 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 29 .6 डिग्री
न्यूनतम 27 .4 डिग्री

11 ठेका प्रथा के खिलाफ निकाली शव यात्रा

12 सीवरेज-पेयजल-सफाई की अव्यवस्था पर जड़ा ताला


## राई की तीन फैक्ट्रियों में भीषण आग
## केमिकल ड्रम फटने से दहला औद्योगिक क्षेत्र

लाइटर फैक्ट्री से शुरू हुई आग ने प्लाईवुड और प्लास्टिक दाना इकाई को भी चपेट में लिया, धमाकों से मची अफरा-तफरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राई औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक लाइटर निर्माण फैक्टरी में लगी भीषण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग ने पास स्थित प्लाईवुड और प्लास्टिक दाना बनाने वाली दो अन्य फैक्ट्रियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटों के बीच केमिकल से भरे ड्रमों में लगातार धमाके होते रहे, जिससे पूरे औद्योगिक क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। आसमान में कई किलोमीटर दूर तक काले धुएं का गुबार दिखाई देता रहा। अग्निशमन विभाग की 13 गाड़ियों ने करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोपहर करीब 3:15 बजे प्लॉट नंबर-60 स्थित लाइटर निर्माण फैक्टरी में आग लगी। फैक्टरी में रखे ज्वलनशील रसायनों के कारण आग तेजी से फैली और पीछे स्थित विकास इंडस्ट्रीज प्लाईवुड फैक्टरी तथा प्लॉट नंबर-92 और 93 स्थित कृष्णा इंटेक्स प्लास्टिक दाना निर्माण इकाई तक पहुंच गई। आग की गर्मी से केमिकल ड्रम एक-एक कर फटने लगे, जिससे आसपास की इमारतों के शीशे तक टूट गए। सूचना मिलते ही

### सोनीपत और समालखा से पहुंचीं दमकल की 13 गाड़ियां
### समय रहते सभी कर्मचारियों को सुरक्षित निकाला गया



एसडीएम सुभाष चंद्र और नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे। अग्निशमन विभाग ने सोनीपत से 12 और समालखा से एक दमकल वाहन बुलाया। दमकल कर्मियों ने चारों ओर से मोर्चा संभालते हुए शाम करीब 7:15 बजे आग पर पूरी तरह काबू पा लिया।

### फैक्ट्री में रखे गैस सिलेंडरों को मुश्किल से बाहर निकाला

राहत की बात यह रही कि आग लगते ही सभी कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।उप अग्निशमन अधिकारी विनोद ढुल ने बताया कि लोहे के शेड, बंद ढांचा और फैक्टरी में रखे गैस सिलेंडरों के कारण राहत एवं बचाव कार्य में काफी कठिनाई आई। मालिक की अनुपस्थिति के कारण अंदर रखे सिलेंडरों की संख्या भी तत्काल पता नहीं चल सकी। इसके बावजूद दमकल कर्मियों ने सूझबूझ से आग को अन्य इकाइयों तक फैलने से रोक दिया। अग्निकांड में तीनों फैक्ट्रियों का माल और मशीनरी जलकर नष्ट हो गई। प्रारंभिक तौर पर करोड़ों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

प्रशासन के अनुसार संयुक्त निरीक्षण के बाद ही वास्तविक नुकसान का आकलन किया जाएगा। वहीं, पुलिस और प्रशासन आग लगने के कारणों की जांच में जुटे हैं।

## खबर संक्षेप

### बरौनी एक्सप्रेस की चपेट में आने से युवक की मौत

**गन्नौर।** राजलूगढ़ी और गन्नौर रेलवे स्टेशन के बीच अमृतसर से कटिहार जा रही बरौनी एक्सप्रेस की चपेट में आने से करीब 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। सूचना पर जीआरपी गन्नौर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पहचान के प्रयास किए, लेकिन उसके पास कोई पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिला। जीआरपी चौकी प्रभारी एसआई सुरेश कुमार ने बताया कि मृतक ने भगवा रंग का कुर्ता, सफेद जींस पहन रखी थी तथा गले में काला डोरा था। शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है। पुलिस मृतक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। पहचान होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बिना अनुमति टीवी चैनलों का प्रसारण, केबल संचालक पर केस

**गन्नौर।** थाना गन्नौर पुलिस ने जियोस्टार इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की शिकायत पर एक केबल नेटवर्क संचालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोप है कि कंपनी की अनुमति के बिना उसके पे-टीवी चैनलों का प्रसारण किया जा रहा था। शिकायत के अनुसार कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधियों ने 11 जून को गांव सैय्याखेड़ा में अवैध प्रसारण की वीडियो रिकॉर्डिंग की थी। इसके आधार पर पुलिस ने बजाना कलां स्थित केबल नेटवर्क केंद्र पर जांच की, जहां से ऑप्टिकल ट्रांसमीटर सहित अन्य उपकरण कब्जे में लिए गए। पुलिस ने कॉपीराइट अधिनियम समेत अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ के मामले में आरोपी रोहन को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। आरोपित जनता कॉलोनी का निवासी है। पुलिस के अनुसार 2 जून को पीड़िता की मां ने शिकायत दी थी कि बाजार के दौरान आरोपित ने उसकी नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ की। शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच अधिकारी महिला उप निरीक्षक वनीत ने न्यायालय के आदेश पर पीड़िता के मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराए और लीगल एड के माध्यम से उसकी काउंसलिंग कराई। इसके बाद आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मामले के जांच अधिकारी ने कहा कि आरोपी को कड़ा सजा दिलवाई जाएगी।

## मानसून ने दी दमदार दस्तक
### सोनीपत में 16.3 एमएम बारिश से सड़कें बनी तालाब



सूरी पेट्रोल पंप वाली गली

**सोनीपत।** शहर में मंगलवार को मानसून ने जोरदार दस्तक दी। सुबह करीब 11.15 बजे शुरू हुई झमाझम बारिश ने पूरे शहर को पानी-पानी कर दिया। जिले में 16.3 एमएम बारिश दर्ज की गई, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग, प्रमुख सड़कें, रेलवे अंडरपास और कई कॉलोनियां जलमग्न हो गईं। जल निकासी की व्यवस्था चरमराने से वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि बारिश से तापमान में करीब छह डिग्री की गिरावट दर्ज हुई और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। बारिश ने नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, एचएसवीपी और मार्केटिंग बोर्ड के जल निकासी एवं सड़क सुधार के दावों की भी पोल खोल दी। शहर के अधिकांश मार्गों और संपर्क सड़कों पर पानी भर जाने से यातायात प्रभावित रहा। कई स्थानों पर गड्ढों और जलभराव के कारण वाहन रेंगते नजर आए।



तीन नलके वाली गली

- राष्ट्रीय राजमार्ग से लेकर प्रमुख मार्गों और कॉलोनियों में जलभराव, वाहन चालकों व राहगीरों को हुई परेशानी
- तापमान में छह डिग्री की गिरावट, एक्यूआई 100 से नीचे पहुंचा, 10 जुलाई तक तेज बारिश के आसार
- शहर के पॉश सेक्टरों में भी निकासी व्यवस्था दे गई जवाब



वेस्ट रामनगर

### मॉडल टाउन, विवेकानंद चौक व अन्य जगह हाल बेहाल

बारिश का सबसे अधिक असर मॉडल टाउन, विवेकानंद चौक, ओल्ड डीसी रोड, रेलवे रोड, एटलस रोड, गुरुद्वारा रोड, वेस्ट रामनगर, ककरोई रोड, मामा-भांजा चौक, मुरथल रोड, बहालगढ़ रोड, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और सारंग रोड रेलवे अंडरपास समेत अनेक क्षेत्रों में देखने को मिला। कई गलियां और सड़कें घंटों तक पानी में डूबी रहीं। मौसम विशेषज्ञ प्रो. चंद्रमोहन ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र के प्रभाव से 10 जुलाई तक सोनीपत और दिल्ली-एनसीआर में मानसून सक्रिय रहेगा। इस दौरान तेज हवाओं के साथ अच्छी बारिश होने की संभावना है।

### देर शाम तक आसमान में छाए रहे बादल

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव क्षेत्र विकसित होने से 10 जुलाई तक सोनीपत सहित दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में तेज बारिश होने की संभावना रहेगी। मंगलवार को जिले के सभी क्षेत्रों में दोपहर को झमाझम बारिश से जहां तापमान में गिरावट दर्ज की गई, वहीं किसानों को भी धान की रोपाई में मदद मिल सकेगी। सुबह से शाम तक जिलेभर में करीब 16.3 एमएम बारिश दर्ज की गई। दिन का अधिकतम तापमान 29.6 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बारिश के बाद आसमान में बादल छाए रहे। बारिश के बाद लोगों को गर्मी से निजात मिली है। साथ ही बारिश से वायु गुणवत्ता के स्तर में भी सुधार हुआ। जिले में एक्यूआई 100 से नीचे रहा।



ओल्ड डीसी रोड

### प्रॉपर्टी ऑफिस के बाहर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**खरखौदा।** गोपालपुर मार्ग स्थित जय मां अंबे प्रॉपर्टी ऑफिस के बाहर मंगलवार को करीब 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। राहगीरों ने सड़क किनारे एक व्यक्ति को अचेत अवस्था में पड़ा देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेज दिया। पुलिस के अनुसार मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं। प्रथम दृष्टया वह मजदूरी करने वाला प्रतीत हो रहा है, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृतक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। मामले की जांच जारी है।

### अवैध पिस्तौल के साथ युवक काबू, एक दिन के पुलिस रिमांड पर

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने अवैध हथियार रखने के आरोप में एक युवक को देशी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान गांव भैरा बांकेपुर निवासी नीरज के रूप में हुई है। न्यायालय में पेश करने के बाद उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस के अनुसार 6 जुलाई को मुख्य सिपाही सोमबीर अपनी टीम के साथ फैक्ट्री क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि एक युवक गांव सेरसा के पीछे से फैक्ट्री क्षेत्र की ओर अवैध हथियार लेकर आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी पिस्तौल बरामद हुई। पूछताछ में वह हथियार का कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका।

पुलिस ने बिहार के नालंदा में की छापेमारी

## पेंट्स की डीलरशिप के नाम पर साइबर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

प्रतिष्ठित कंपनी की फर्जी वेबसाइट बनाकर 3.68 लाख रुपये ऐंठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

साइबर थाना पुलिस ने प्रतिष्ठित कंपनी की फर्जी वेबसाइट बनाकर डीलरशिप दिलाने के नाम पर 3.68 लाख रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बिहार के नालंदा जिले से एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। न्यायालय में पेश करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया, जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार सोनीपत निवासी एक व्यक्ति ने 19 अक्तूबर 2025 को शिकायत दी थी कि उसने बिरला ओपस पेंट्स की कथित वेबसाइट पर डीलरशिप के लिए आवेदन किया था। इसके बाद खुद को कंपनी का रिलेशनशिप मैनेजर बताने वाले व्यक्ति ने रजिस्ट्रेशन फीस, पेंट सामग्री और जीएसटी के नाम पर अलग-अलग किश्तों में 3 लाख 68 हजार 500 रुपये विभिन्न बैंक खातों और यूपीआई आईडी में जमा करा लिए। राशि लेने के बाद न तो डीलरशिप दी गई और न ही कोई सामग्री उपलब्ध कराई गई। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।



### निवेश से जुड़े प्रस्तावों पर जल्दी भरोसा न करें

पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने लोगों से अपील की है कि किसी भी कंपनी की डीलरशिप, निवेश या ऑनलाइन कारोबार से जुड़े प्रस्तावों पर भरोसा करने से पहले उसकी आधिकारिक वेबसाइट और दस्तावेजों का सत्यापन अवश्य करें। साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करवाएं।

### न्यायिक हिरासत में भेजा

थाना साइबर के प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी जांच और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर बिहार के नालंदा निवासी पप्पू कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पीएचसी और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का औचक निरीक्षण

## राजलू गढ़ी पीएचसी में अधूरे मिले स्क्रीनिंग रजिस्टर, उप सिविल सर्जन ने लगाई फटकार


ऑनलाइन स्क्रीनिंग में लापरवाही पर सख्ती, 10 दिन में रिकॉर्ड दुरुस्त करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग (एनसीडी) कार्यक्रम के तहत ऑनलाइन स्क्रीनिंग कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की जांच के लिए मंगलवार को उप सिविल सर्जन डॉ. आशा सहारावत ने जटवाड़ा और राजलू गढ़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) तथा भिगान हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ऑनलाइन स्क्रीनिंग, रजिस्टरों के रखरखाव और अभिलेखों की गहन समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान भिगान हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में ऑनलाइन स्क्रीनिंग अपेक्षित स्तर से कम पाई गई। इस पर संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) को 10 दिन के भीतर लंबित स्क्रीनिंग पूरी कर अभिलेख अपडेट करने के निर्देश दिए गए।वहीं, राजलू गढ़ी पीएचसी में एनसीडी स्टाफ नर्स के कई स्क्रीनिंग रजिस्टर अधूरे मिले। उप सिविल सर्जन ने संबंधित स्टाफ नर्स को चेतावनी देते हुए 10 दिन के भीतर सभी लंबित रजिस्टर और स्क्रीनिंग कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय में सुधार नहीं होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जटवाड़ा पीएचसी में ऑनलाइन स्क्रीनिंग कार्य संतोषजनक मिला। डॉ. आशा सहारावत ने कर्मचारियों को सभी पात्र लाभार्थियों की समयबद्ध स्क्रीनिंग सुनिश्चित करने और रजिस्टरों को निर्धारित मानकों के अनुसार अद्यतन रखने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि एनसीडी कार्यक्रम के तहत प्रत्येक पात्र व्यक्ति की गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध स्क्रीनिंग आवश्यक है। डेटा की शुद्धता, अभिलेखों के सही रखरखाव के निर्देश दिए।



**सोनीपत।** औचक निरीक्षण के दौरान दस्तावेजों की जांच करती उप सिविल सर्जन।



# नए सितारों से सजी 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का ट्रेलर जारी...

**मुंबई।** फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का ट्रेलर सामने आ चुका है। इसमें सस्पेंस है, थ्रिल है और एक्शन भी है। मर्डर मिस्ट्री और लव ट्रायएंगल सहित इस फिल्म में कई दिलचस्प ट्विस्ट हैं। इस फिल्म में आर्य कुमार, नीता शेट्टी और पीहू बिस्वास जैसे नए कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का निर्देशन इंद्र दास ने किया है। इसे एसएस एंटरटेनमेंट वर्ल्ड के बैनर तले सुमन सौरभ ने प्रोड्यूस किया है। रहूं मैं तेरे रूबरू' 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मंगलवार को रिलीज हुए इस फिल्म के ट्रेलर में आज की तकनीक और इंटरनेट की दुनिया के जीवन पर हो रहे नकारात्मक असर को दिखाने की भी कोशिश की गई है।

लाइफ Style



# कृति

## मैंने करवा लिए एग्ज फ्रीज

एक्टर कृति सेनन ने बताया है कि उन्होंने अपनी फिल्म 'मिमी' की तैयारी के दौरान अपने एग्स फ्रीज करवाने का फैसला किया था। उन्होंने इसे अपने लिए लिए गए 'सबसे समझदारी भरे' फैसलों में से एक बताया है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि यह फैसला फिल्म के लिए उनके फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन (शारीरिक बदलाव) के समय के साथ मेल खाता था, इसलिए यह प्रोसेस करवाने का यह सबसे सही मौका था। 35 साल की एक्ट्रेस ने बताया कि एग फ्रीजिंग से अक्सर ब्लोटिंग (पेट फूलना) और हार्मोनल बदलाव होते हैं। चूंकि उन्हें 'मिमी' फिल्म में अपने रोल के लिए वजन बढ़ाना था, इसलिए उन्हें लगा कि यही सही समय है जब वे यह प्रोसेस करवा सकती हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने एक व्यक्ति से बात की थी, जिन्होंने मुझे बताया कि अगर आप कर सकती हैं, तो यह आपके लिए सबसे अच्छी चीज है। यह सबसे अच्छा तोहफा है जो आप खुद को दे सकती हैं। यह बात मेरे दिमाग में रही। फिर, जब मुझे वजन बढ़ाने के लिए कहा गया, तो मुझे लगा कि यही सही समय है'। एक्ट्रेस ने इस प्रोसेस के इमोशनल और फिजिकल असर के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि इस प्रोसेस की वजह से काफी हार्मोनल बदलाव हुए और इसे करवाते समय उन्हें कई तरह की भावनाएं महसूस हुईं। एक्ट्रेस ने बताया कि उनका मानना है कि जिंदगी के बड़े फैसले समाज की उम्मीदों के बजाय अपनी निजी तैयारी के आधार पर लिए जाने चाहिए।

## हॉलीवुड मसाला



# पार्टी रॉक एंथम के लिए थीं मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटिश सिंगर लॉरेन बेनेट का 37 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह 'पार्टी रॉक एंथम' में अपनी परफॉर्मेंस और जीएलआर की फाउंडिंग मेंबर के तौर पर जानी जाती थीं। उनके बैंड के साथियों ने एक भावुक बयान में उनके निधन की पुष्टि की। बैंड ने उनके जीवन व योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। लॉरेन बेनेट ने अपने म्यूजिक करियर की शुरुआत 2006 में यूनाइटेड किंगडम में 'द एक्स फैक्टर' के तीसरे सीजन से की थी।




# लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी 52 ब्लू...

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस नेहा धूपिया अपनी पहली इंटरनेशनल फीचर फिल्म '52 ब्लू' के प्रीमियर के लिए तैयार हैं। यह फिल्म मशहूर लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा है। इसका यूरोपियन प्रीमियर 9 जुलाई को बीएफआई साउथबैंक में होगा। नेहा की शानदार परफॉर्मेंस के लिए फिल्म को पॉजिटिव फीडबैक मिला है। दर्शकों और रिव्यूअर्स, दोनों ने ही फिल्म की इमोशनल गहराई की तारीफ की है, जिससे '52 ब्लू' इस साल फेस्टिवल की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली स्क्रीनिंग में से एक बन गई है। नेहा धूपिया ने इस खास पल के बारे में बात करते हुए अपना उत्साह जाहिर किया। उन्होंने कहा ''52 ब्लू' मेरे लिए हमेशा एक बेहद खास फिल्म रहेगी क्योंकि यह मेरा पहला इंटरनेशनल प्रोजेक्ट है।



# ताज जीतने के 50 साल पूरे, मनाया जश्न


**नई दिल्ली।** पूर्व ब्यूटी क्वीन नफीसा अली ने मिस इंडिया का ताज जीतने के 50 साल पूरे होने की खुशी मनाई है। इस खुशी में नफीसा ने सोशल मीडिया पर कई पुरानी तस्वीरें साझा की हैं और इसके साथ ही एक खास नोट भी लिखा है। नफीसा ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई पुरीनी तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों के साथ नफीसा ने कैप्शन में लिखा, '50 साल पहले मुझे 'मिस इंडिया' का ताज पहनाया गया था।' उन्होंने 1976 में यह खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने टोक्यो में हुए 'मिस इंटरनेशनल 1976' कॉम्पिटिशन में भारत का नाम रोशन किया था और वहां वह सेकंड रनर-अप रही थीं। 69 साल की नफीसा अली ने 2018 में स्टेज 3 के पेट और ओवरी के कैंसर से जंग लड़ी और उसे हराया। अप्रैल 2026 में उन्होंने अपनी सर्जरी के निशान और कीमोथेरेपी की बातें भी फैंस के साथ साझा की थीं।



# इंसानों व कुत्तों के बीच रिश्ते की कहानी

**मुंबई।** अमित राय अपनी अगली फिल्म 'ओह माय डॉग' लेकर आ रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 'ओह माय गॉड 2' का निर्देशन किया था। उनकी नई फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में इंसानों और कुत्तों के बीच बिना शर्त प्यार और वफादारी की एक कहानी की झलक दिखती है। टीजर की शुरुआत अमिताभ बच्चन के मशहूर गाने 'मेरे पास आओ मेरे दोस्तों, एक किस्सा सुनो' से होती है, जो तुरंत पुरानी यादें ताजा कर देता है। साथ ही कहानी की मासूमियत, अपनापन और इमोशनल गहराई को खूबसूरती से दिखाता है। यह फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 'ओह माय डॉग' में माही राय, पंकज त्रिपाठी, गीता अग्रवाल शर्मा, राजेश कुमार, पवन मल्होत्रा, सुलक्षणा बरुआ और विजय मिश्रा नजर आएंगे।

## टीवी मसाला



# पति के 10 अफेयर हों तो भी उन्हें कभी नहीं छोड़ूंगी : सुनीता

**नई दिल्ली।** मशहूर बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा इन दिनों रियलिटी शो 'लॉक अप सच या सजा' में नजर आ रही हैं और साथ ही अपने बयानों से जमकर सुर्खियां भी बटोर रही हैं। इसी शो के दौरान सुनीता ने अपने पति गोविंदा को लेकर एक ऐसी बात कही है, जिसे सुनकर इस शो के होस्ट फराह खान और रितेश देशमुख भी दंग रह गए। उन्होंने कहा है कि चाहे उनके पति गोविंदा के दस महिलाओं के साथ संबंध ही क्यों न हों, वह उन्हें कभी नहीं छोड़ेंगी। सुनीता ने यह बात नेटफ्लिक्स के रियलिटी शो 'लॉक अप सच या सजा' में कही, जिसे फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट कर रहे हैं। इस शो में वाइल्डकार्ड एंट्री के तौर पर आईं अभिनेत्री शिल्पा शिंदे ने सुनीता के उन पुराने बयानों पर बात की। इस पर सुनीता भड़क गईं और उन्होंने शिल्पा से कहा कि लोगों को पहले उनकी जगह रहकर देखना चाहिए, उसके बाद ही कोई राय बनानी चाहिए। सुनीता ने कहा, 'जब यह सब आपके साथ होगा, तब आपको समझ आएगा कि मैं किस दौर से गुजरी हूं। यह मेरी जिंदगी है और मैं जो चाहूंगी, वही करूंगी।' उन्होंने आगे कहा, 'गोविंदा मेरा पति है, अगर वह 10 जगह भी अफेयर करेंगे, तो भी मैं उसे नहीं छोड़ूंगी। मैं अपनी आखिरी सांस तक उससे प्यार करूंगी।' बाद में सुनीता ने शो के दूसरे कंटेस्टेंट राम कपूर से भी शिल्पा शिंदे की शिकायत की। उन्होंने गुस्से में कहा, 'शिल्पा मुझे उकसा रही है।

## शिवांगी को रोता देख आग-बबूला हुए हर्षद

**नई दिल्ली।** शो 'लॉकअप 2' इन दिनों झगड़ा, विवादों की वजह से चर्चा में है। इस रियलिटी शो में हाल ही में एक बड़ा हंगामा हुआ। इंफ्लुएंसर श्रेया



कालरा की वजह से एक्ट्रेस शिवांगी जोशी फूट-फूटकर रोईं। शिवांगी को ऐसे देखकर उनके दोस्त और पुराने को-एक्टर हर्षद चोपड़ा का पारा चढ़ गया। हर्षद श्रेया से लड़ने के लिए शो में दौड़ पड़े थे। 'लॉकअप 2' के वायरल वीडियो में हर्षद चोपड़ा के सामने शिवांगी रो रही हैं। वह बताती हैं कि उन्होंने श्रेया से सच में पूछा कि क्या उनकी तबियत खराब है। इस पर श्रेया ने शिवांगी के साथ बदतमीजी से बात की। इससे वह दुखी हो गईं और हर्षद चोपड़ा और आकांक्षा चमोला के सामने रोने लगीं। यह देखकर हर्षद गुस्से में श्रेया को तलाशने के लिए दौड़ पड़े। ऐसे में शिवांगी और आकांक्षा ने हर्षद को किसी तरह से रोका। इस दौरान काफी शोर-शराबा हुआ, जिसे सुनकर बाकी प्रतियोगी भी एक जगह पर आ गए।

# आवारापन 2 का पहला गाना जुनून रिलीज

## सुबोध ने दी है आवाज....

**मुंबई।** आवारापन 2 के निर्माताओं ने मंगलवार को इमरान हाशमी की फिल्म का पहला गाना जुनून रिलीज कर दिया है। इस गाने के बोल शहीद कादरी ने लिखे हैं और मिथुन ने कंपोज किया है। इस गाने को गायक सुबोध शर्मा ने गाया है। इस गाने में इमरान हाशमी से लेकर दिशा पाटनी और श्रेया सरन की खास झलक देखने को मिली। फिल्म 'आवारापन 2', 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में इमरान हाशमी और दिशा पटानी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में श्रेया सरन का भी अहम रोल है। इमरान ने इंस्टाग्राम पर अपने इस गाने को साझा किया और कैप्शन में लिखा, 'इस आवारापन के जुनून में होना है तबाह।' एक यूजर ने लिखा, 'इस गाने की रचना थोड़ी 'सैयारा' से मिलती जुलती लग रहा है' दूसरे यूजर ने लिखा, 'श्रेया सरन के पुराने सींस को देखकर अच्छा लगा।' एक और यूजर ने लिखा, 'आवारापन के गानों की बात ही अलग थी' एक यूजर ने इमरान के लिए लिखा, 'अक्खा बॉलीवुड एक तरफ और इमरान हाशमी एक तरफ'। एक और यूजर ने लिखा, 'शिवम वापस आ गया है'। एक और यूजर ने लिखा, 'इस फिल्म को कोई नहीं रोक सकता, पहले दिन ही हिट हो जाएगी'।



# 1975 में बैन कर दी गई थी फिल्म सिक्किम 1971

**नई दिल्ली।** आज हम आपको बताने जा रहे हैं एक ऐसी डॉक्यूमेंट्री फिल्म के बारे में जिसका काफी ज्यादा ऐतिहासिक महत्व है। यह फिल्म तब बनी जब सिक्किम भारत का हिस्सा भी नहीं था। इसे बनाया था लीजेंडरी फिल्ममेकर सत्यजीत रे ने। इस फिल्म की रिलीज के बाद इस पर विवाद हो गया और भारत सरकार ने इसे बैन कर दिया। लोग इस फिल्म का नाम तक भूल गए थे, लेकिन फिर साल 2010 में इसे फिर से रिलीज किया गया और इस मूवी ने तहलका मचा दिया।

***सत्यजीत रे साहब ने खोल दी पोल :*** बात साल 1971 की है जब सिक्किम के राजा ने उस दौर के आइकॉनिक फिल्ममेकर रहे सत्यजीत रे से विनती की, कि वह उनके ऊपर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाएं। क्योंकि ,सत्यजीत रे साहब सच्ची और पक्की फिल्ममेकिंग में मानते थे, इसलिए उन्होंने सिक्किम के तत्कालीन राजा के राज्य के बारे में लगभग सब कुछ दिखा डाला। यानि उन्होंने इस डॉक्यूमेंट्री में उनके राज्य की अच्छाइयां और बुराइयां तो दिखाई हीं, साथ ही



साथ विदेशी पर्यटकों की हालत और राजसी परिवार और आम लोगों की जिंदगी में कितना फर्क है यह भी दिखाया।

***भारत सरकार ने लगा दिया था बैन :*** कहानी में ट्विस्ट तब आया जब साल 1975 में सिक्किम राज्य भारत का हिस्सा बन गया। सिक्किम 22वें राज्य के तौर पर भारतीय गणराज्य का हिस्सा बना और जब इतना सारा राजनीतिक उठापटक चल रहा था, तो इस बीच सत्यजीत रे की यह डॉक्यूमेंट्री विवादों में घिर गई। सरकार ने इसे बैन कर दिया और लोग मानने लगे कि यह फिल्म पूरी तरह नष्ट कर दी गई है। सरकार ने भी राहत की सांस ली, वक्त बीतता गया और फिर कई दशक बाद ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट को एक डैमेज्ड प्रिंट मिला। इस प्रिंट में क्या था?

### साल 2010 में फिर से हुई रिलीज

इस प्रिंट में सत्यजीत रे की वही डॉक्यूमेंट्री थी, जिसने उस दौर में तहलका मचा दिया था। एकेडमी फिल्म आर्काइव ने दोबारा इस पूरी फिल्म को रीस्टोर किया और फिर साल 2010 में सरकार ने इस पर लगाया गया बैन हटा दिया। यानि अब अगर आप चाहें तो इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म को बेधड़क देख सकते हैं। अब सवाल उठता है कि आखिर यह फिल्म थी कौन सी? तो इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म का नाम था 'सिक्किम 1971'। इसका टाइटल काफी सीधा सा रखा गया था और लेकिन इसका कॉन्टेंट काफी डीप था।

## पुरुष समाज का दर्द दिल किया है बयां, हर किसी की आंखें कर दी थीं नम

# रफी ने गाया था यह दर्द भरा गीत, कल्ट क्लासिक है 56 साल पुराना गाना

*__नई दिल्ली।__ सिनेमा जगत के महान गायक के तौर पर आज भी मोहम्मद रफी को जाना जाता है। अपने सुनहरे सिंगिंग करियर के दौरान उन्होंने हर किस्म के गीतों को आवाज दी थी और उन्हें अमर किया था। लेकिन, सैड सॉन्ग के मामले में रफी साहब एक अलग दर्जे के सिंगर के तौर पर पहचाने जाते थे। इसी आधार पर आज हम आपको मोहम्मद रफी द्वारा गाया एक ऐसे कल्ट क्लासिक सैड सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे सबसे सर्द भरे गीत के तौर भी जाना जाता है।*

### किसने तैयार किया गाना

बात की जाए फिल्म हीर रांझा के ये दुनिया ये महफिल की मेकिंग की तो मोहम्मद रफी की गायिकी के अलावा इसकी धुनों को मशहूर संगीतकार मदन मोहन अपने धुनों पर तैयार किया था, जबकि इसके लिरिक्स को कैफी आजमी गीतकार ने लिखा था। इस तरह से ये कल्ट क्लासिक सैड सॉन्ग रेडी हुआ था।



### 1970 में रिलीज हुई थी हीर रांझा

जब मोहम्मद रफी सैड सॉन्ग गाते थे, तो मानों ऐसा लगता कि उन्होंने सच में अपने दिल का दर्द आवाज में उतार के रख दिया है। उनकी आवाज से गाने की खूबसूरती और बढ़ जाती थी, जिसे सुनने के बाद दिल और आंखें भरा आती थी। ऐसा ही करिश्मा रफी साहब ने साल 1970 में रिलीज होने वाली फिल्म हीर रांझा के एक गीत के लिए किया था।

### राज कुमार पर फिल्माया गया गाना

जब उन्होंने ये दुनिया ये महफिल... गीत गाया था। अभिनेता राज कुमार पर फिल्माया गया मोहम्मद रफी का ये गाना आज भी बॉलीवुड के बेस्ट एवर सैड सॉन्ग के तौर पर जाना जाता है। इस गाने को सुनने के बाद यकीनन तौर पर आपकी भी आंखें भर आएंगी। कुल मिलाकर कहा जाए तो पुरुष समाज का दर्द दिल बयां करने के लिए रफी साहब के ये दुनिया ये महफिल को जाना जाता है। इस वजह से ये हर किसी का फेवरेट भी माना जाता है। अगर आप भी मोहम्मद रफी के गानों को सुनना पसंद करते हैं तो यकीनन तौर पर आपकी प्लेलिस्ट में ये दर्द भरा गीत जरूर शामिल होगा।

**खबर संक्षेप**

### मतदाता सूची का त्रुटि रहित होना आवश्यक

**गोहाना।** शहर में गुढ़ा मार्ग स्थित गीता विद्या मंदिर में एसआईआर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों और विद्यार्थियों को एसआईआर के महत्व बारे जागरूक किया गया।

प्राचार्य अश्विनी कुमार ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है। देश में लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान सूची का त्रुटि रहित होना होना बहुत आवश्यक है। मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए ही एसआईआर अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का अपने देश के प्रति कर्तव्यों और दायित्वों को लेकर जागरूक होना जरूरी है। प्रत्येक नागरिक एसआईआर को सफल बनाने में अपना योगदान दे। देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में यह उनका नैतिक कर्तव्य भी है।

### एनएच-44 किनारे अवैध ट्रक पार्किंग का आरोप

**गन्नौर।** गांव गढ़ी कलां निवासी दीपक ने एनएच-44 के किनारे कृषि भूमि पर अवैध रूप से कंटेनर, ट्रक व अन्य भारी वाहनों की पार्किंग किए जाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री विंडो में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है कि एक निजी कंपनी ने करीब 20 से 25 एकड़ कृषि भूमि किराये पर लेकर वहां भारी वाहनों की पार्किंग विकसित कर दी है, जिससे क्षेत्र में जन-जीवन, सड़क सुरक्षा और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि भारी वाहनों की आवाजाही से लगातार धूल-मिट्टी उड़ रही है, जिससे ग्रामीणों को सांस लेने में परेशानी हो रही है तथा घरों, कपड़ों और खेतों पर मिट्टी की परत जम रही है। शिकायत में कहा गया है कि बरसात के दौरान एनएच-44 पर मिट्टी फैल जाने से बाइक और कारों के फिसलने का खतरा बढ़ गया है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

### डॉ. अर्चना गुप्ता का सम्मान कल बुटाना में

**गोहाना।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का सम्मान समारोह 9 जुलाई को गांव बुटाना स्थित जनता शिक्षण संस्थान में प्रातः 10 बजे आयोजित होगा। यह जानकारी भाजपा बरोदा हलका के पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान ने दी।

शहर में जींद मोड स्थित अपने कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ता सभा में प्रदीप सांगवान ने बताया कि बरोदा हलके में डॉ. अर्चना गुप्ता का यह पहला अभिनंदन समारोह होगा। उन्होंने दावा किया कि समारोह में 30 गांवों के सरपंच भी भाजपा का दामन थामेंगे।

### क्षमा करने से व्यक्ति के स्वास्थ्य में होता है सुधार

**गोहाना।** सेक्टर-7 गोहाना स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती पार्क में नियमित लगने वाली योग कक्षा में वैश्विक क्षमा दिवस पर योग शिक्षक आजाद सिंह दांगी ने इस दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा वैश्विक क्षमा दिवस लोगों को पुरानी कड़वाहट, द्वेष और गुस्से को भुलाकर शांति और सद्भाव की ओर बढने का संदेश देता है। वैज्ञानिक अध्ययनों से साबित हुआ है कि क्षमा करने से तनाव, चिंता और डिप्रेशन कम होता है। और व्यक्ति स्वयं को नकारात्मक भावनाओं के बोझ से मुक्त कर लेता है जिससे जीवन में सकारात्मक व आंतरिक शांति बढ़ती है। अध्यक्षता शिक्षाविद जयपाल माथुर ने की।

## पहली तेज बारिश में खुली जल निकासी व्यवस्था की पोल

# गढ़ी केसरी नाले का पानी खाली प्लाटों में पहुंचा, रेलवे रोड भी डूबा

**शहर में लाखों रुपए की लागत से चल रहा है नालो की सफाई का कार्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

मंगलवार को हुई बारिश ने जहां लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दिलाई, वहीं शहर की की जल निकासी व्यवस्था की भी पोल खोलकर रख दी। बारिश के बाद शहर के रेलवे रोड बादशाही रोड पर जलभराव हो गया, जिससे लोगों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। गढ़ी केसरी से गन्नौर गांव की ओर आने वाले नाले की भी बरसाती पानी की निकासी बाधित हो गई। जिससे नाले का पानी आसपास के खाली पड़े प्लाटों में भर गया। इससे आसपास रहने वाले लोगों को गंदगी और मच्छरों के प्रकोप की चिंता सताने लगी। ओवरफॉलो होकर नाले का पानी प्लॉट में भरने के बाद प्लाट के मालिक मानिक राम दहिया का कहना कि अगर नाले की सफाई व्यवस्था पर संबंधित विभाग द्वारा ध्यान दिया होता तो ऐसे हालात नहीं होते । उन्होंने कहा कि उनकी खाली जगह में पानी भरने से परेशानी का सामना करना पड़ेगा । नालो की सफाई पर लाखों रुपए तो खर्च किए जाते हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं होता । उधर, शहर के व्यस्त रेलवे रोड पर भी बारिश के बाद लंबे समय तक जलभराव की स्थिति बनी रही। सड़क पर पानी जमा होने से दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर वाहन चालकों को पानी के बीच से सावधानीपूर्वक गुजरना पड़ा। बादशाही रोड पर भी सड़क पर पानी जमा रहा। जल निकासी नहीं होने से राहगीरों और दुकानदारों को परेशानी उठानी पड़ी। शहर के लोगो ने प्रशासन से मांग की है कि शहर के नालों और सीवरों की नियमित सफाई कराई जाए तथा बरसाती पानी की निकासी के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आगामी बारिश के दौरान लोगों को जलभराव की समस्या से राहत मिल सके।



गन्नौर। रेलवे रोड पर जल भराव की स्थिति। फोटो : हरिभूमि

**खास बातें**

- बारिश के बाद शहर के रेलवे रोड बादशाही रोड पर जलभराव हो गया, जिससे लोगों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा
- आसपास रहने वाले लोगों को गंदगी और मच्छरों के प्रकोप की चिंता सताने लगी
- नालो की सफाई पर लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी व्यवस्था पर उठे सवाल
- लोगों ने कहा कि बरसाती पानी की निकासी के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए


गन्नौर। गढ़ी केसरी से गन्नौर गांव की ओर आने वाला नाला ओवरफॉलो होकर भरा खाली जगह में पानी। फोटो : हरिभूमि

# सीवर व्यवस्था सुधारने में जुटा नगर निगम


सोनीपत। जलभराव की समस्या के कारण मैनहोल का निरीक्षण करते हुए।

- मेयर राजीव जैन ने देर रात किया निरीक्षण, दो दिन में बाइपास लाइन का कार्य पूरा करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ककरोई रोड स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की क्षतिग्रस्त सीवर लाइन के कारण गोहाना रोड क्षेत्र की कॉलोनियों में जलभराव की समस्या को देखते हुए नगर निगम ने नई सीवर लाइन को अस्थायी पंप के माध्यम से चालू करने का निर्णय लिया है। इससे बरसात के दौरान सीवर जाम और जलभराव की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है।

मेयर राजीव जैन ने नगर निगम अधिकारियों और ठेकेदार की टीम के साथ मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने एक-एक मैनहोल खुलवाकर पानी का स्तर जांचा। जिस हिस्से में पुरानी लाइन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है, वहां से आगे मोटर लगाकर नई लाइन में पानी छोड़ा जाएगा। यह अस्थायी व्यवस्था सेक्टर-23 में निर्माणाधीन डिस्पोजल का कार्य पूरा होने तक जारी रहेगी। मेयर ने अधिकारियों को दो दिन के भीतर बाईपास लाइन का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

रात के समय मशीनों की सहायता से मैनहोल से गाद भी निकलवाई गई, ताकि सीवर का पानी सुचारु रूप से बह सके। मेयर राजीव जैन ने रात 11 बजे मौके पर पहुंचकर सफाई कार्य का निरीक्षण भी किया। वहीं दयाल चौक से गीता भवन रोड तक सुपर शकर मशीन से सीवर लाइन की सफाई करवाई गई। इस दौरान कार्यकारी अभियंता राहुल पुनिया, उपमंडल अभियंता मंजीत दहिया, कनिष्ठ अभियंता विकास, विपिक राणा, राहुल दहिया, सुधीर मोर, परविंद्र, सीवर सफाई निरीक्षक विशाल और विनोद मौजूद रहे।

# पीएम स्वनिधि योजना से अधिक से अधिक रेहड़ी-फड़ी विक्रेताओं को जोड़ें

- लंबित आवेदनों के शीघ्र निस्तारण और व्यापक प्रचार-प्रसार के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


सोनीपत। बैठक में समिति के सदस्यों को निर्देश देतीं नगराधीश।

लघु सचिवालय में मंगलवार को नगराधीश सिमरन की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना की जिला स्तरीय निगरानी एवं कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बैंकों को भेजे गए आवेदनों की समीक्षा करते हुए नगराधीश सिमरन ने बैंक अधिकारियों को पात्र लाभार्थियों के लंबित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना के तहत पात्र रेहड़ी-फड़ी विक्रेताओं को बिना गारंटी तीन चरणों में 15 हजार, 25 हजार और 50 हजार रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। समय पर ऋण चुकाने पर ब्याज अनुदान, डिजिटल लेन-देन पर कैशबैक और अधिक ऋण का लाभ भी मिलता है। उन्होंने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों तथा शहरी निकाय विभाग के सचिवों को बैंयापुर और बढ़मलिक सहित सभी क्षेत्रों में योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र विक्रेताओं को आवेदन के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

### नेत्र शिविर में 160 मरीजों की जांच

**सोनीपत।** दी महाराजा अग्रसेन समिति की ओर से अग्रवाल धर्मशाला, गुड़ मंडी में 46वां निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में दिल्ली के वेणु आई इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की आंखों की जांच की। इस दौरान 160 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच में 9 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि होने पर उन्हें निशुल्क ऑपरेशन के लिए दिल्ली भेजा गया। मरीजों को अर्णव ऑप्टिशियन की ओर से निशुल्क चश्मे उपलब्ध कराए गए, जबकि वर्मा लैब की टीम ने शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच भी निशुल्क की। समिति के प्रधान टीकाराम मित्तल ने बताया कि गरीब, बुजुर्ग और जरूरतमंदोंको बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक माह लगता है शिविर लगता है।

# ठेका प्रथा के खिलाफ सरकार की शव यात्रा निकालकर किया अंतिम संस्कार

- 21वें दिन भी जारी रहा धरना, स्थायी रोजगार को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


सोनीपत। शव लेकर नगर निगम में विरोध प्रदर्शन करते ठेका सफाई कर्मचारी।

नगर निगम परिसर में ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच, मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ और सहयोग बलि सेना के बैनर तले चल रहा धरना मंगलवार को 21वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता प्रधान मुकेश टांक ने की, जबकि संचालन सहसचिव युधिष्ठिर ने किया। इस दौरान कर्मचारियों ने ठेका प्रथा के विरोध में प्रतीकात्मक शव यात्रा निकाली और सुभाष चौक तक मार्च कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद नगर निगम कार्यालय के बाहर ठेका प्रथा रूपी राक्षस का प्रतीकात्मक अंतिम संस्कार किया गया।

बलि सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जसविंद्र पहलवान और एडवोकेट पूनम बेदी ने भी सरकार से समय रहते ठेका प्रथा समाप्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मांगें पूरी नहीं होने पर प्रदेशभर में आंदोलन तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में सचिव सावन कुमार, रविंदर, हिरेंद्र बिड़लान, सोनू, रितेश, रोहित, राजेश, मंजू, अंजू, माया, सुनीता, पिंकी, प्रमिला, आरती सहित सैकड़ों सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।



### बाबू जगजीवन राम को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**गोहाना।** समता चौक में पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने बाबू जगजीवन राम की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि दी। चौक में दो में से एक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री जगबीर सिंह मलिक ने कहा कि बाबू जगजीवन राम भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी एवं सामाजिक न्याय के प्रखर योद्धा थे। उनके नाम 50 सालों तक सांसद रहने का रिकार्ड है। वे संविधान सभा के सदस्य थे और उन्होंने समाज के वंचित वर्गों को आरक्षण और समानता दिलाने में मुख्य भूमिका निभाई। कार्यक्रमों में जिला पार्षद जय सिंह मलिक, ठेकेदार जगशेर नूरनखेड़ा, कांग्रेस नेता रवि इंदौरा, ओमप्रकाश मेहरा, आजाद सिंह दांगी, डा. दिलवाग खान, बंसी वाल्मीकि, अशोक बामनिया, रामू रामपाल वाल्मीकि,, सतबीर पौडिया, हरिपाल नरवाल, रमेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, विजय वाल्मीकि और सुरजीत कुंडू ने भी उनको श्रद्धांजलि दी।

# द स्टैनफोर्ड स्कूल में विद्यार्थियों को दी पॉक्सो एक्ट की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



द स्टैनफोर्ड स्कूल, थाना खुर्द में कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के छात्र-छात्राओं को पॉक्सो एक्ट के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। जिसके तहत बच्चों के साथ होने वाले अभद्र व्यवहारों के विरुद्ध सुरक्षा की जानकारी भी दी गई। जिसमें बताया गया कि वे स्वयं और अपने साथियों को कैसे सुरक्षित रख सकते हैं । इस प्रकार के होने वाले अपराधों से वे अपना बचाव किस प्रकार कर सकते हैं और किस प्रकार अपनी पहचान गुप्त रखते हुए पुलिस में रिपोर्ट कर सकते हैं। इस प्रकार के होने वाले अपराधों के विरुद्ध उनके क्या अधिकार हैं, और उन्हें किस प्रकार अपनी सुरक्षा करनी चाहिए। विद्यालय के चेयरमैन उत्सव दहिया ने बताया कि आज के समय में विद्यार्थियों का जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। जिससे बढ़ती हुई आपराधिक घटनाओं को रोका जा सकता है । ऐसे अपराध को रोकने में स्वयं का जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। जिससे वह स्वयं को सुरक्षित रख सकें, तथा उनके शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास में किसी प्रकार का व्यवधान ना आए। विद्यालय निर्देशिका पूजा दहिया ने कहा जब हम स्वयं जागरूक होंगे तभी हम स्वस्थ परिवेश का निर्माण कर सकेंगे। विद्यार्थी ही देश की नींव है इनको सुरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक है।


सोनीपत। विजेता खिलाड़ी के साथ विद्यालय स्टाफ एवं अन्य।

### स्केटिंग में आयुष आंतिल ने जीता कांस्य पदक

**सोनीपत।** किरोड़ीमल पब्लिक स्कूल के कक्षा 5-ए के छात्र आयुष आंतिल ने 21वीं राष्ट्रीय आइस स्केटिंग चैंपियनशिप-2026 के जूनियर ई वर्ग में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। इससे पहले आयुष ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए जगह बनाई थी। प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 30 जून तक देहरादून स्थित हिमाद्री आइस रिंक में आइस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से किया गया। कांस्य पदक जीतने के साथ ही आयुष आंतिल का चयन एशियन आइस स्केटिंग प्रतियोगिता के ट्रायल के लिए भी हुआ है। विद्यालय पहुंचने पर निदेशक प्रतीक जैन, अंकित जैन, अकादमिक निदेशक कमांडर (सेवानिवृत्त) डॉ. एलके जैन और प्रधानाचार्या मोनिका ने आयुष को बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा प्रदेश से विशेष लगाव : बड़ौली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना


गोहाना। पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए मोहनलाल बड़ौली। फोटो : हरिभूमि

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हरियाणा प्रदेश से विशेष लगाव है। वे 17 जुलाई को जींद में आएंगे और कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

मोहनलाल बड़ौली बुधवार को भाजपा जिला गोहाना कार्यालय पर जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक के साथ पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उनके अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को प्रातः 9 बजे जींद में देश की प्रथम हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके अलावा वे जींद-गोहाना हाईवे के उद्घाटन के साथ-साथ कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी करेंगे। नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर प्रदेश के लोगों में भारी उत्साह है। इस मौके पर उनके साथ गोहाना जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक, जिला सोनीपत अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, जिला महामंत्री महेन्द्र चिड़ाना एवं जितेन्द्र शर्मा, आजाद नेहरा, मुकेश रोहिल्ला, जिला मीडिया प्रभारी डॉ.राममेहर राठी व राजेश भावड़ आदि उपस्थित रहे।

### सात गांवों में छह महीने से नहीं पहुंचा नहर का पानी

**गोहाना।** क्षेत्र के सात गांवों में पिछले छह महीने से हांसी-बुटाना नहर का पानी नहीं पहुंच रहा है। ऐसे में किसान अपनी फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। बुधवार को गांव छिछड़ाना के किसान गोहाना में उपमंडलीय परिसर स्थित एसडीएम कार्यालय में पहुंचे और इस नहर की सफाई करवाकर इसमें सुचारू रूप से पानी छोडने की मांग की। भाकियू (चढूनी) गोहाना तहसील इकाई के चेयरमैन भगत सिंह छिछड़ाना, रामचन्द्र, जयकरण और जोगेंद्र के अनुसार क्षेत्र के गांव आहुलाना, मदीना, छिछड़ाना, कथूरा, मिर्जापुर खेड़ी, सांघी और कटवाड़ा के खेतों में पिछले छह महीने से हांसी-बुटाना नहर का पानी नहीं पहुंच रहा है। पानी के अभाव में किसान अपनी फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं।

## हरियाणवी संस्कृति के संरक्षण पर कार्यशाला

# सांस्कृतिक मूल्यों के साथ आगे बढें विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। मंच के अध्यक्ष मनोज जाले को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए।

भारत सरकार की गुरु-शिष्य परम्परा योजना के तहत धर्म पुत्र कला मंच, गोहाना की ओर से मंगलवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बुटाना में हरियाणवी लोक नृत्य के संरक्षण एवं संवर्धन विषय पर निःशुल्क संवाद एवं कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार ने की, जबकि संयोजन डा. सरिता देवी और मोनिका मोर ने किया।

कार्यक्रम में धर्म पुत्र कला मंच के अध्यक्ष मनोज जाले ने छात्राओं को हरियाणवी लोक नृत्य के इतिहास, सांस्कृतिक महत्व और विभिन्न लोक नृत्य शैलियों की जानकारी देते हुए अपनी लोक संस्कृति को सीखने और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. सरिता देवी ने कहा कि लोक नृत्य हमारी सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और नई पीढ़ी तक इनका ज्ञान पहुंचाना समय की जरूरत है। सोनीपत से आए लोक नृत्य विशेषज्ञ सुधीर दिलावर ने छात्राओं को ताल-लय, भाव-भंगिमाओं, मंच प्रस्तुति और नृत्य तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ते हैं और उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर मनीषा, रिंकू, निशा, कमलेश, पूजा, सुशीला, अंजू सहित विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# उच्चतर शिक्षा निदेशालय का हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत



सोनीपत। सेक्टर-12 स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय।

सिटी पल्स

उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने शहरों के साथ ग्रामीण अंचल के अंतर्गत आने वाले राजकीय महाविद्यालयों में बिजली आपूर्ति को बेहतर बनाने एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाने का निर्णय लिया है। निदेशालय ने जिला उच्चतर अधिकारी के मार्फत सोनीपत के प्रत्येक ब्लॉक के राजकीय महाविद्यालय प्रबंधन से जमीन का ब्योरा मांगा है। साथ ही कक्षानुसार पंखों, लाइटों व्यवस्था सहित बिजली से चलने वाले सभी उपकरणों की सूची तैयार कर जल्द रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं, ताकि सभी महाविद्यालय में जल्द सोलर पावर प्लांट स्थापित करवाए जा सकें। जिले के उच्च शिक्षण संस्थान जल्द सौर ऊर्जा से जगमगाते नजर आएंगे। बता दें कि उच्चतर शिक्षा निदेशालय के अंतर्गत जिले में कुल 11 राजकीय महाविद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। इनमें ब्लॉक सोनीपत सहित, गोहाना, मोहाना, खरखौदा व मुरथल में एक-एक महिला महाविद्यालय भी शामिल हैं। निदेशालय के इस प्रयास से जहां हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही राजकीय महाविद्यालयों के भवन निजी शिक्षण संस्थानों की भांति जगमगाते दिखें। ऐसे में सभी महाविद्यालयों में सोलर पावर प्लांट स्थापित करने की योजना तैयार की गई है। जिसके लिए निदेशालय ने सभी प्राचार्यों को पत्र भेजकर विस्तृत ऊर्जा खपत, महाविद्यालय में कुल जगह ब्योरा व उपकरण का ब्योरा जल्द से जल्द भेजने के निर्देश दिए हैं।

### संस्थानों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना उद्देश्य

उक्त योजना का उद्देश्य महाविद्यालयों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के साथ बिजली खर्च में भारी कमी लाना है। विभाग का मानना है कि यदि प्रत्येक महाविद्यालय अपनी वास्तविक खपत के अनुसार सोलर प्लांट लगाएगा, तो न केवल बिजली बिल कम होगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी ने निदेशालय के निर्देशों संबंधी जानकारी से जिले के सभी राजकीय महाविद्यालयों को अवगत करा दिया है। निर्देश हैं कि वह जल्द से जल्द आवश्यक विवरण तैयार कर भेजें, ताकि आगामी प्रक्रिया जल्द प्रारंभ हो सके।

### ग्रामीण अंचल में दूर होगी परेशानी

बता दें कि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा व सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए राजकीय महाविद्यालयों में एलईडी पैनेल, कम्प्यूटर लैब, संकाय लैब सहित काफी संख्या में इलैक्ट्रोनिक उपकरणों का प्रयोग किया जा रहा है। इससे जहां बिजली का खर्च बढ़ता है, वहीं खासकर ग्रामीण अंचल में कई बार विद्यार्थियों को बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में परेशानी झेलनी पड़ती है। ऐसे में सोलर पावर प्लांट स्थापित होने से जहां बिजली के खर्च कम होगा, साथ ही विद्यार्थियों को स्वच्छ ऊर्जा, हरित ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझने का अवसर मिलेगा।

### ये बोले सेवानिवृत्त प्राचार्य



कभी समय था कि शिक्षण संस्थानों में बिजली आपूर्ति बाधित होने से विद्यार्थियों को लाइट के अभाव में पढ़ाई के लिए अनेक परेशानियों से गुजरना पड़ता था। वर्तमान में सरकार व उच्च शिक्षा विभाग विद्यार्थियों के लिए नई-नई योजनाएं लाकर शिक्षा को सुगम बना रहे हैं।

-संतोष राठी, पूर्व प्राचार्य



वक्त के साथ शिक्षण संस्थानों में अनेक सुविधाएं विकसित हो रही हैं। चाहे आज विद्यालय हों या महाविद्यालय, विद्यार्थियों की सुविधाओं के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अनेक विस्तार किए जा रहे हैं। योजना के माध्यम से खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के महाविद्यालयों को ज्यादा लाभ मिलेगा।

-सुमन बाला शर्मा, पूर्व

### महाविद्यालयों की छतों पर जल्द लगेंगे सोलर पावर प्लांट

शिक्षा विभाग आगामी समय में शैक्षणिक संस्थानों में पूरी तरह से सौर ऊर्जा परियोजनाएं लागू करने की योजना पर विचार कर रहा है। इस प्रयास से शैक्षणिक ढांचे में ऊर्जा दक्षता को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। फिलहाल सभी महाविद्यालय प्रबंधकों को अपने स्तर पर उपकरणों की सूची, लोड, जगह संबंधी विवरण जल्द तैयार करने में निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद विस्तृत रिपोर्ट निदेशालय को भेज दी जाएगी। उम्मीद है कि इसके बाद महाविद्यालयों की छतों पर सोलर पावर प्लांट लगाने की शुरुआत हो सकती है। निर्देशों पर लापरवाही बरतने वालों पर विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जा सकती है।

*-डॉ. तराना नेगी, जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी, सोनीपत*

## विधायक बोले- बेलगाम हुए अधिकारी, पार्षदों ने महिलाओं के साथ किया प्रदर्शन

# सीवरेज-पेयजल-सफाई की अव्यवस्था पर पार्षदों ने महिलाओं संग निगम कार्यालय के गेट पर जड़ा ताला

**विधायक व मेयर बोले, वार्डों में सारी कमियां अधिकारियों व ठेकेदारों की लापरवाही का नतीजा, एक घंटा चली बैठक**

- ▸▸ *विधायक की अधिकारियों दो टूक चाहे रेन कोट डालो या गर्मी में तपो, वार्डों की समस्या का हो निदान*
- ▸▸ *अधिकारियों को 12 घंटे की मोहल्लत, फिर विधायक व मेयर करेंगे लापरवाही बरतने वालों का समाधान*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

नगर निगम के विभिन्न वार्डों में सीवर ओवरफ्लो, पेयजल संकट और सफाई की अव्यवस्था को लेकर करीब एक माह से परेशानी झेलते आ रहे वार्ड वासियों का गुस्सा अपने चरम पर है। मंगलवार को विभिन्न वार्डों के पार्षदों व कॉलोनियों के लोगों ने सुबह नगर निगम कार्यालय के मुख्य गेट पर ताला जड़कर जोरदार प्रदर्शन किया। लोगों ने नगर निगम प्रशासन व संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ लापरवाही बरतने के आरोप लगाते हुए नारेबाजी कर अपना रोष जताया। साथ ही उनकी मूलभूत सुविधाओं का शीघ्र समाधान की मांग की।

प्रदर्शन का नेतृत्व जिला पार्षद एवं वार्ड-21 के पार्षद प्रतिनिधि संजय बड़वासनी, वार्ड-5 के पार्षद प्रतिनिधि मुकेश सैनी, निगम पार्षद राजकुमार, राजेश मलिक, अनुराग जैन सहित कई वार्डों के पार्षदों ने कॉलोनी वासियों के साथ निगम कार्यालय के गेट पर बैठकर रोष जताया। लोगों ने आरोप लगाया कि शहर में कई वार्डों में सीवर ओवरफ्लो होने से गलियों में दूषित पानी भरा हुआ है। पेयजल आपूर्ति भी दूषित हो रही है, पानी से बदबू आने के कारण लोगों को बोतलबंद पानी या कैंपर खरीदने पर विवश होना पड़ रहा है। कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां नियमित रूप से गलियों में नहीं पहुंच रही हैं। पार्कों की सफाई भी समय पर नहीं हो रही। पार्षदों ने आरोप लगाया कि अधिकारियों व ठेकेदारों की मिलीभगत के कारण वार्डों के विकास एवं सफाई संबंधी कार्य पटरी से उतर चुके हैं। जिसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है।



सोनीपत। सोनीपत नगर निगम कार्यालय के गेट पर ताला जड़कर रोष जताते विभिन्न वार्डों के पार्षद व कॉलोनी वासी।



सोनीपत। सोनीपत नगर निगम कार्यालय के गेट पर बारिश के बीच लोगों को जल्द समाधान का आश्वासन देते विधायक निखिल मदान।

### विधायक ने प्रदर्शनकारियों की सुनी समस्याएं



विधायक निखिल मदान ने बारिश के दौरान प्रदर्शन कर रहे लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना। विधायक ने नगर निगम मेयर राजीव जैन व आयुक्त हर्षित कुमार के साथ लोगों को समाधान का आश्वासन देते हुए कार्यालय के गेट का ताला खुलवाया। उन्होंने कहा कि अधिकारी बेलगाम होते जा रहे हैं। साथ ही वक्त की नजाकत को देखते हुए निगम अधिकारियों व संबंधित ठेकेदारों को मौके पर तलब किया। विधायक ने अधिकारियों व पार्षदों के साथ करीब एक घंटे तक बैठक कर शहर की समस्याओं पर चर्चा की। बैठक के दौरान पार्षदों ने वार्डों में सीवरेज व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल आपूर्ति व दूषित जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग रखी। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि अधिकारी व ठेकेदार आमजन की समस्याओं को लेकर लापरवाही न बरतें, अन्यथा नियमानुसार कड़ी कार्यवाही के लिए तैयार रहे।

### सीवरेज समस्या पर विधायक सख्त, 12 घंटे की मोहलत



बैठक के दौरान विधायक निखिल मदान ने निगम अधिकारियों को विशेषकर लाइनपार क्षेत्र में सीवरेज जाम की समस्या को तुरंत प्रभाव से दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को दो टूक जवाब देते हुए कहा कि चाहे वह रेन कोट डालें या गर्मी में तपे, लेकिन वार्डों की समस्या का जल्द से जल्द समाधान होना चाहिए। सीवरेज सफाई का कार्य देख रहे ठेकेदार पर संतोषजनक कार्य न करने की बात कहते हुए जुर्माना लगाने के भी आदेश दिए। साथ ही विधायक व मेयर ने अधिकारियों को 12 घंटे की मोहल्लत दी। उन्होंने कहा कि अगर समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो लापरवाही बरतने वालों का वह स्वयं समाधान करेंगे। बैठक में जनप्रतिनिधियों से मिले आश्वासन के बाद पार्षद व कॉलोनी वासी वापस लौट गए।



गन्नौर। 33 केवी बिजली घर का शुभारंभ करते विधायक देवेंद्र कादियान।

## घसौली में विधायक ने किया बिजली घर का शुभारंभ, 11 गांवों को मिलेगी बेहतर बिजली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर

गांव घसौली में करीब 4.5 करोड़ रुपये की लागत से बने 33 केवी बिजली घर का विधायक देवेंद्र कादियान ने बटन दबाकर शुभारंभ किया। एक एकड़ पंचायती जमीन पर बने इस बिजली घर से घसौली सहित आसपास के 11 गांवों के हजारों उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलेगी। कार्यक्रम में सरपंच महेश त्यागी व ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत किया। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि सरकार बिजली व्यवस्था मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने बताया कि गन्नौर पावर हाउस में ट्रांसफार्मर की क्षमता भी बढ़ाई गई है। नए बिजली घर से घसौली, रामनगर, चंदौली, उमेदगढ़, पबनेरा, धतूरी, बड़ी, सनपेड़ा, पिपली खेड़ा, खेड़ी तगा और शाहपुर तगा गांव को राहत मिलेगी। बिजली घर में 10 एमवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाया गया है। उन्होंने बताया कि उद्देशीपुर, बजाना कलां और आहुलाना के बिजली घर भी बनकर तैयार हैं और जल्द शुरू किए जाएंगे।

### लोड कम होने पर बेहतर रहेगी बिजली आपूर्ति

सिटी सब डिविजन गन्नौर के एसडीओ सतीश गोयत ने बताया कि पहले ये गांव उमेदगढ़ और लड़सौली पावर हाउस आदि से जुड़े थे। लाइन लंबी होने के साथ अधिक लोड के कारण बार-बार बिजली कट लगते थे। अब नए 33 केवी बिजली घर से इन गांवों को सीधे जोड़ दिया गया है, जिससे फीडरों पर लोड कम होगा और बिजली आपूर्ति सुचारू रहेगी।

## पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की टीम ने पॉलिथीन रखने पर चार दुकानों के काटे चालान

**खरखौदा।** शहर में पॉलिथीन रखने पर चार दुकानों के चालान पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की टीम द्वारा काटे गए हैं। पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की टीम ने प्रतिबंधित पॉलिथीन के खिलाफ अभियान चलाते हुए तीन मिष्ठान भंडार और एक बर्तन भंडार का चालान किया। टीम ने संबंधित दुकानदारों को चालान की राशि नगर पालिका में जमा कराने के निर्देश दिए है। कार्रवाई के दौरान दुकानों से प्रतिबंधित पॉलिथीन मिलने पर यह कदम उठाया गया। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि केवल एक दिन की कार्रवाई से समस्या का समाधान नहीं होगा। उनका कहना है कि बाजार में प्रतिबंधित पॉलिथीन के उपयोग पर प्रभावी रोक लगाने के लिए पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड और नगर पालिका को नियमित रूप से अभियान चलाकर लगातार जांच और कार्रवाई करनी चाहिए।

### बिजली-पानी संकट से जूझ रहा डीसीआरयूएसटी

**सोनीपत।** मुरथल स्थित दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी) में पिछले दो दिनों से बिजली आपूर्ति ठप रहने के कारण कर्मचारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली नहीं होने से कार्यालयों में नियमित कार्य प्रभावित हो रहा है, वहीं पेयजल आपूर्ति भी बाधित होने से स्थिति और गंभीर हो गई है। उमस भरे मौसम और लगातार हो रही बारिश के बीच बिना बिजली के कार्यालयों में बैठकर काम करना कर्मचारियों के लिए मुश्किल बन गया है। कर्मचारी यूनियन के प्रधान सुरेश कुमार ने बताया कि बिजली और पेयजल संकट को लेकर कर्मचारी पहले कुलपति से मिलने उनके आवास पर पहुंचे, लेकिन कुलपति वहां उपलब्ध नहीं मिले। इसके बाद कर्मचारियों ने कुलसचिव से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। कुलसचिव ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि पेयजल की व्यवस्था जल्द कराई जाएगी, लेकिन समाचार लिखे जाने तक विश्वविद्यालय परिसर में बिजली और पानी की समस्या जस की तस बनी हुई थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## सेक्टर-14 में सफाई का अभाव जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर

- स्थानीय लोगों ने 3 साल से टूटी बारिश के पानी की निकासी लाइन की मरम्मत करवाने की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

शहर के सेक्टर-14 में नियमित रूप से सफाई नहीं होने से स्थानीय लोगों में रोष पनप रहा है। सेक्टर निवासी ऊषा भंडारी, प्रमिला, सुनीता, प्रमोद, सुरेंद्र का आरोप है कि नगर निगम चुनाव होने के बाद सेक्टर-14 में सफाई व्यवस्था का अभाव है। सेक्टर में नियमित रूप से सफाई नहीं हो पा रही है। ऐसे में जगह-जगह लगे कचरे के ढेर लोगों की परेशानी बढ़ा रहे हैं। बारिश के पानी में सड़कों पर पड़ा कचरा नालों में जा रहा है। ऐसे में निकासी व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। लोगों ने बताया कि सेक्टर-14 मार्केट, एकता पार्क, बिजली कार्यालय, सामुदायिक केंद्र के बाहर काफी दिनों से सफाई नहीं होने से कूड़े के ढेर लगने लगे हैं। इसके अलावा बारिश के पानी की निकासी लाइन 3 साल से टूटी पड़ी है, जिसकी आज तक मरम्मत नहीं करवाई गई है। ऐसे में बारिश का पानी करीब 800 घरों में पहुंचने का डर बना हुआ है। लोगों ने नगर निगम मेयर व अधिकारियों ने सेक्टरवासियों की समस्या पर संज्ञान लेने व जल्द समाधान करवाने की गुहार लगाई है।



सोनीपत। सेक्टर-14 में सड़क पर जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर।

## 18 वर्ष तक परिवार का साथ निभाने वाली नंदिनी गो माता को दी भावभीनी विदाई

### गो सेवा की अनूठी मिसाल, पूरे सम्मान के साथ किया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

हसनयारपुर तिहाड़ा कलां गांव में गो सेवाऔर सनातन परंपरा की अनूठी मिसाल देखने को मिली। रक्षक सेना प्रमुख मनजीत तिहाड़ा और उनके परिवार ने अपने घर में पिछले 18 वर्षों से पल रही वयोवृद्ध 'नंदिनी' गो माता के निधन पर पूरे सम्मान और धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ अंतिम विदाई दी। आषाढ़ मास की सप्तमी को नंदिनी गो माता ने अंतिम सांस ली।

परिवार ने गो माता के पार्थिव शरीर पर गुलाब के फूल अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद समाधि देते समय 31 किलो नमक डालकर धार्मिक परंपरा के अनुसार अंतिम संस्कार किया गया। परिवार के अनुसार नंदिनी गो माता ने अपने जीवनकाल में 12 बार संतानों को जन्म दिया। उनकी पीढ़ी की कई गायें और बछिया आज भी स्वर्गीय जय भगवान (गोरख) के परिवार में हैं।

रक्षक सेना प्रमुख मनजीत तिहाड़ा ने बताया कि नंदिनी गो माता ने वर्षों तक परिवार को दूध, घी और छाछ देकर पालन-पोषण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि उनके पिता जय भगवान, जिन्हें गांव में 'गोरख' के नाम से जाना जाता था, गो सेवाऔर गो रक्षा के लिए समर्पित रहे। उन्होंने बताया कि उनके भाई मोहोब्बत, महताब, मनोज, मेहरबान और पूरा परिवार अपने दादा संत चंद्र दास तथा पिता के दिखाए मार्ग पर चलते हुए गो सेवाऔर सनातन धर्म की सेवा का कार्य आगे भी जारी रखेगा।



सोनीपत। गाय को समाधि देते हुए।

## एसआईआर के सही क्रियान्वयन पर कांग्रेस की नजर, कार्यकर्ताओं को सतर्क रहने के निर्देश

# एक भी पात्र मतदाता का वोट नहीं कटने देंगे : कमल दिवान

- घर-घर निगरानी की रणनीति, गड़बड़ी या पक्षपात मिलने पर तत्काल शिकायत का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत



सोनीपत। बैठक लेते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमल दिवान, संजीव दहिया साथ में पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार।

सुभाष चौक स्थित कांग्रेस भवन में मंगलवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर कांग्रेस की बैठक आयोजित की गई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता शहरी कांग्रेस अध्यक्ष कमल दिवान और ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया ने की। इसमें एसआईआर प्रक्रिया की बारीकियों, संभावित चुनौतियों और संगठन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में शहरी कांग्रेस अध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि एसआईआर का कार्य पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष होना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे पूरी प्रक्रिया पर पैनी नजर रखें, ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से न कटे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक वोट का महत्व है। इसलिए यह सुनिश्चित करना कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे और किसी भी व्यक्ति का नाम गलत तरीके से न हटाया जाए।

कमल दिवान ने कहा कि यदि एसआईआर के दौरान कहीं भी लापरवाही, पक्षपात या अनियमितता दिखाई देती है तो उसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से ऐसे मामलों की तुरंत शिकायत करने का आह्वान किया, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई कर सुधार किया जा सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूरी प्रक्रिया पर नजर रखे हुए है और किसी भी नागरिक को उसके लोकतांत्रिक अधिकार से वंचित नहीं होने दिया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने वार्ड और क्षेत्रों में घर-घर जाकर यह सुनिश्चित करेंगे कि एसआईआर की प्रक्रिया सही ढंग से पूरी हो।

### जनहित में अभियान की निगरानी करेगी कांग्रेसः संजीव दहिया

ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया ने कहा कि पार्टी पूरी एकजुटता के साथ इस अभियान की निगरानी करेगी और जनता के हितों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेगी। बैठक में आगामी रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया गया तथा पदाधिकारियों को जमीनी स्तर पर सक्रिय रहकर प्रक्रिया की निगरानी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार, उपाध्यक्ष सतपाल कौशिक, उपाध्यक्ष प्रशांत शर्मा, पार्षद जयकुवार खत्री, पार्षद अनुराग जैन, पार्षद नवीन कुमार (बिट्टू) महासचिव राजेश सेवली, महासचिव आशा अहलावत, महासचिव दयानंद वाल्मीकि,सचिव अमित मंडल, अंकित मेहता, जयवीर राठी, पायल मलिक, सीमा वर्मा, अनुज छाबड़ा, प्रत्याशी देवेंद्र महला, राकेश मदान, बिंदिया चोपड़ा आशु, मौजी राम,ऋतुराज, सरदार इंद्रपाल, सुषमा, चंद्रकमल, लीलू प्रधान ककरोई, नरेंद्र लोहट और भारत कुमार मौजूद रहे।